## राष्ट्रपति स्वच्छ सर्वेक्षण

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि स्वच्छता देश की सांस्कृतिक चेतना का आधार है। राष्ट्रपति ने आज नई दिल्ली में आयोजित एक समारोह में स्वच्छ सर्वेक्षण 2024–25 पुरस्कार प्रदान करते हुए यह बात कही। स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के प्रयासों की सराहना करते हुए राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण एक सफल पहल साबित हुई है।

मध्यप्रदेश के इंदौर शहर ने लगातार आठवें वर्ष भारत के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब बरकरार रखा है। स्वच्छ शहर के मामले में गुजरात के सूरत ने दूसरा और महाराष्ट्र के नवी मुंबई ने तीसरा स्थान हासिल किया। इस समारोह में विभिन्न श्रेणियों में कुल 78 पुरस्कार दिए गए। इस वर्ष पाँच विभिन्न जनसंख्या श्रेणियों में सुपर स्वच्छ लीग शहर और शीर्ष तीन सबसे स्वच्छ शहरों सहित चार श्रेणियों में ये पुरस्कार दिए गए।

.....................................................................

## अंतिम संस्कार

डोगरा रेजिमेंट में तैनात नायक पुष्पेंद्र नेगी का आज किन्नौर जिला में उनके पैतृक गांव थैमगारंग में पूरे राजकीय व सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। 29 वर्षीय पुष्पेंद्र नेगी असम में डयूटी के दौरान एक हादसे में शहीद हो गए थे। अंतिम संस्कार में जिला प्रशासन के अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। भाजपा मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, सांसद कंगना रणौत, अनुराग सिंह ठाकुर, सुरेश कश्यप, राजीव भारद्वाज, डॉक्टर सिंकदर कुमार और हर्ष महाजन की ओर से शहीद पुष्पेंद्र नेगी की पार्थिव देह पर पुष्पांजलि अर्पित की और शोक संत्पत परिवार को सांत्वना दी। कर्ण नंदा ने इस मौके पर कहा कि पुष्पेंद्र नेगी की कर्तव्य निष्ठा और राष्ट्र के प्रति समर्पण हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

.....................................................................

## मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कड़छम वांगतु पन बिजली परियोजना में रॉयल्टी को लेकर हिमाचल के हक में आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। मुख्यमंत्री ने आज शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि सरकार को अब इस प्रोजेक्ट से 12 प्रतिशत की जगह 18 प्रतिशत रॉयल्टी मिलेगी जिससे सालाना दो सौ 50 करोड़ रूपए की आय होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने अपने दिल्ली दौरे के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण,

स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और अन्य नेताओं से मुलाकात कर आपदा प्रभावित हिमाचल के लिए विशेष राहत पैकेज की मांग की है।

मुख्यमंत्री ने वन भूमि से अवैध कब्जे हटाने के नाम पर फलदार पौधों को काटने का विरोध किया और कहा कि सरकार इसे सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देने पर विचार कर रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि फिलहाल कांग्रेस संगठन में कोई फेरबदल नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता आपदा प्रभावितों और अवैध कब्जे हटाने की मुहिम से प्रभावित सेब बागवानों को राहत देने की है।

.......................................................................

**मिंजर मेला**

चंबा के विश्व प्रसिद्ध अन्तर्राष्ट्रीय मिंजर महोत्सव के लिए चौगान नम्बर एक और चार की नीलामी प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। चंबा के एसडीएम प्रियांशु खाती ने कहा कि इस बार दोनों चौगान दो करोड़ 31 लाख 25 हजार रूपए में बिके हैं। उन्होंने कहा कि अब जल्द ही चौगान में सांस्कृतिक उत्सव व दुकानें स्थापित करने की तैयारियां शुरू कर दी जाएगी। उन्होंने लोगों से मिंजर महोत्सव में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है। इस बार मिंजर महोत्सव 27 जुलाई से 3 अगस्त तक मनाया जाएगा।

.......................................................................

**राष्ट्रपति–स्वच्छ सर्वेक्षण**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज नई दिल्ली में प्रतिष्ठित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024–25 पुरस्कार प्रदान करेंगी। इस कार्यक्रम में शहरी भारत के सबसे स्वच्छ शहरों को सम्मानित किया जायेगा और स्वच्छ भारत मिशन–शहरी को आगे बढ़ाने के प्रयासों को मान्यता दी जायेगी। इस वर्ष ये पुरस्कार चार श्रेणियों में प्रदान किए जाएंगे, जिनमें सुपर स्वच्छ लीग शहर और अधिक जनसंख्या वाले पांच शहरों में से शीर्ष तीन स्वच्छ शहर शामिल हैं। आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय ने कहा है कि इस वर्ष कुल 78 पुरस्कार प्रदान किए जाएँगे। मंत्रालय ने कहा है कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2024–25 में शहरी स्वच्छता और सेवा वितरण का आकलन करने के लिए एक स्मार्ट और सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाया गया है, जो शहरों में स्वच्छता और अपशिष्ट प्रबंधन का संपूर्ण दृश्य प्रस्तुत करता है।

.......................................................................

**प्रधानमंत्री**

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री धन–धान्य कृषि योजना को मंजूरी दे दी है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार किसानों के जीवन में परिवर्तन लाने के लिए प्रतिबद्ध है और ये योजना इस दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि इससे न केवल पिछड़े जिलों में फसल–उत्पादन में वृद्धि होगी हालाकि खाद्य उपलब्ध कराने वालों की आय में भी बढोत्तंरी होगी। वर्ष 2025–26 के बजट प्रस्तावों में प्रधानमंत्री

धन–धान्य कृषि योजना के अंतर्गत एक सौ जिलों के विकास के लिए इस कार्यक्रम की घोषणा की गई थी। इस योजना को 11 विभागों में 36 वर्तमान योजनाओं के माध्यम से अन्य राज्यों, योजनाओं और निजी क्षेत्र के साथ स्थानीय सहभागिता के साथ लागू किया जाएगा।

.............................................................................

## अश्विनी– सीएससी दिवस

इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि देश के दस लाख नागरिकों को निःशुल्क आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रशिक्षण दिया जाएगा और इसमें ग्राम स्तर के उद्यमियों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने डिजिटल इंडिया के 10 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में नई दिल्ली में आयोजित जन सेवा केन्द्र दिवस कार्यक्रम में यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि सी एस सी देश के लगभग 90 प्रतिशत गाँवों तक पहुँच चुका है। वैष्णव ने सभी ग्रामीण उद्यमियों से नागरिकों को आई आर सी टी सी सेवाएँ प्रदान करने का आग्रह किया।

**ए आई मिशन है अपना बहुत अच्छा। उस ए आई मिशन के तहत हम लोगों ने टारगेट लिया है, करीब दस लाख लोगों को एआई स्किल्स में तैयार करेंगे। उसमें साढे पांच लाख नियरलीस अपने हैं आप सबको सबसे पहले उसमें प्रीफेंस दी जाएगी।**

.............................................................................

## जगत सिंह नेगी

राजस्व व बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा है कि प्रदेश में प्राकृतिक आपदा से भूमिहीन हुए लोगों को रहने व खेती के लिए जमीन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने केंद्र से एफसीए एक्ट 1980 में संशोधन की मांग की है। शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका भी दायर करेगी।

**लोगों की हजारों बीघा जमीन बह गई। लोगों के पास अपने लिए कोई ऑप्शन नहीं बची। जो प्राकृतिक आपदाएं आती हैं उसमें हमें वन भूमि लोगों को चाहे उनकी बह गई जमीन के बदले देना पड़े या उनको आशियान बना कर देना पड़े तो ये अभी प्रस्ताव हमने विधानसभा से केंद्र को भेजा है और अभी हम सुप्रीम कोर्ट में भी एक याचिका दायर करने जा रहे हैं सरकार के पक्ष में। हिमाचल में जो है सारी जमीन वनभूमि मानी गई है उसमें एक तो वनभूमि की जो परिभाषा है उसको लेकर हम आगे जा रहे हैं और एफसीए जो है संशोधन को लेकर आगे जा रहे हैं।**

.............................................................................

## पोर्टल

कृषि विभाग द्वारा किसानों को आधुनिक मशीनरी की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए एग्री मशीनरी पोर्टल कल 18 जुलाई से सक्रिय किया जाएगा। विभाग के एक प्रवक्ता ने बताया कि इसके माध्यम से प्रदेश के किसान विभिन्न कृषि यंत्रों के लिए पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर अनुदान

के लिए आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य किसानों को नई, आधुनिक और उन्नत किस्म की कृषि मशीनरी व उपकरण उपलब्ध करवाना है। प्रवक्ता ने किसानों से इस पोर्टल का अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया।

.....................................................................

**मौसम**

मानसून के सक्रिय रहने से राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज भी वर्षा का क्रम रूक–रूक कर जारी है। मौसम विभाग ने आज 8 जिलों ऊना, हमीरपुर, सिरमौर, बिलासपुर, चंबा, कांगड़ा कुल्लू व मंडी में भारी वर्षा का येलो अर्लट जारी किया है। विभाग ने आज चंबा, कांगड़ा, किन्नौर, कुल्लू, लाहौल स्पीति, सिरमौर, सोलन, मंडी और शिमला जिलों में अलग–अलग स्थानों पर अचानक बाढ़ आने की भी चेतावनी दी है। प्रदेश में पिछले दिनों भारी वर्षा, भूस्खलन, बाढ़ व बादल फटने की घटनाओं के चलते अभी भी एक राष्ट्रीय राजमार्ग और 2 सौ 26 सड़कें, बिजली के 52 ट्रांसफार्म और एक सौ 37 पेयजल योजनाएं अवरूद्ध हैं। मॉनसून से जुड़ी घटनाओं में अभी तक प्रदेश में एक सौ 9 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 35 अन्य लापता हैं।

.....................................................................